न्यायालय जिला कलक्टर, झुन्झुनू

पीठासीन अधिकारी :— यू0डी0 खान
आई.ए.एस.

प्रथम अपील संख्या 133 / 2021

डॉ0 भरत सिंह शेखावत, मकान नं0 172, सेक्टर—ई, श्री नाथपुरम्, हाडी रानी सर्किल के पास, कोटा (राज0), मो0न0 9414069655

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) मलसीसर।

सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील

आदेश

दिनांक 11.08.2021

1. पत्राबली आज पेश हुई। प्रार्थी (अपीलार्थी) द्वारा यह प्रथम अपील प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 28.07.2021 को प्राप्त होने पर प्रथम अपील मिसल नम्बर 133 / 2021 पर दिनांक 28.07.2021 को दर्ज की गई। अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) मलसीसर के विरूद्व पेश की गई है।
2. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) मलसीसर को प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में वर्णित सूचना चाही गई।
3. लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) मलसीसर से इस कार्यालय के पत्रांक पाठक / 2021 / 2115—16 दिनांक 28.07.2021 द्वारा तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गयी थी।
4. लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) मलसीसर ने पत्रांक आर0 टी0 आई0 / 2021 / 68 दिनांक 10.08.2021 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि प्रार्थी डॉ0 भरत सिंह शेखावत का प्रार्थना पत्र इस कार्यालय को दिनांक 10.05.2021 को प्राप्त हुआ जिसके संबंध मे इस कार्यालय से संबंधित सूचना बाबत प्रार्थी डॉ0 भरत सिंह शेखावत को पत्र क्रमांक आर0टी0आई0 / 2021 / 54 दिनांक 08.06.2021 द्वारा जबाब भिजवा दिया गया था। उक्त पत्र को पत्र के साथ सलंग्न कर आपको प्रेषित किया जा रहा है एवं शेष सूचना बाबत प्रार्थना पत्र को सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 (3) के अन्तर्गत सहायक अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, अलसीसर को पत्रांक आर0टी0आई0 / 2021 / 52 दिनांक 08.06.2021 द्वारा अन्तरित कर दिया गया। उक्त पत्र को मय रजिस्ट्री रसीद पत्र के साथ सलंग्न कर भिजवाया जा रहा है। अतः श्रीमान्‌जी से निवेदन है कि अपील को खारिज करने का श्रम करे।
5. अपीलार्थी सुनवाई हेतु उपस्थित नही।
6. लो0सू0अ0(उपखण्ड अधिकारी) मलसीसर द्वारा उनके कार्यालय के पत्रांक आर0टी0आई0 / 2021 / 68 दिनांक 10.08.2021 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि प्रार्थी डॉ0 भरत सिंह शेखावत का प्रार्थना पत्र उनके कार्यालय को दिनांक 10.05.2021 को प्राप्त हुआ जिसके संबंध मे उनके कार्यालय से संबंधित सूचना बाबत

प्रार्थी डॉ0 भरत सिंह शेखावत को पत्र क्रमांक आर0टी0आई0/2021/54 दिनांक 08.06.2021 द्वारा जबाब भिजवा दिया गया था। उक्त पत्र को पत्र के साथ सलंग्न कर आपको प्रेषित किया जा रहा है एवं शेष सूचना बाबत प्रार्थना पत्र को सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 (3) के अन्तर्गत सहायक अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, अलसीसर को पत्रांक आर0टी0आई0/2021/52 दिनांक 08.06.2021 द्वारा अन्तरित कर दिया गया। उक्त पत्र को मय रजिस्ट्री रसीद पत्र के साथ सलंग्न कर भिजवाया जा रहा है। पत्रावली के अवंलोकन से जाहिर है कि अपीलार्थी को चाही गई पूर्ण सूचना उपलब्ध नही करवाई गई है। अतः अपीलार्थी का अपील प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। सहायक अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, अलसीसर को आदेश दिये जाते है कि अपीलार्थी को चाही गई सूचना 7 दिवस मे निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाना सुनिशिचित करे।

7. अपीलार्थी को यह भी सूचित किया जाता है कि आप इसकी द्वितीय अपील माननीय राज्य सूचना आयोग जयपुर के यहां निर्धारित समयावधि में कर सकते है।

आदेश आज दिनांक 11.08.2021 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

11/8/21

(यू0डी0 खान)
जिला कलक्टर, झुंझुनूं
जिला कलक्टर झुन्झुनूं